मॉडल प्रश्न–पत्र –I

कक्षा – दसवीं

विषय – गह विज्ञान (216)

समय : 3 घण्टे **पर्णांक : 75**

निर्देश : 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खंड है। प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक निर्धारित है।

3. प्रश्न क्रमांक 02 से 07 अति लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

4. प्रश्न क्रमांक 08 से 13 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

5. प्रश्न क्रमांक 14 से 15 लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

6. प्रश्न क्रमांक 16 से 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

7. प्रश्न क्रमांक 18 से 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(खण्ड अ) उचित विकल्प चुनकर लिखिए –** **(1×5=5)**

1. विटामिन A अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह –

(अ) रतौंधी से बचाता है। (ब) त्वचा स्वस्थ रखता है।

(स) एनीमिया से बचाता है। (द) कब्ज से रोकता है।

2. धीमी ऑच में पकाने की प्रक्रिया की विशेषता है –

(अ) उच्च तापमान और ज्यादा पानी(ब) उच्च तापमान और कम पानी

(स) कम तापमान और कम पानी (द) कम तापमान और ज्यादा पानी

3. यह कूड़े कचरे के निपटाने की नवीनतम तकनीक है –

(अ) खाद बनाना (ब) जलाना

(स) मस्मीकरण (द) इनमें से कोई नहीं

4. मलमल के कपड़े के गुण है –

(अ) भार में हल्का तथा ढीली बुनाई (ब) पारदर्शी एवं ढीली बुनाई

(स) भारी वजन एवं मोटा (द) मध्य भार तथा साधारण

5. संतावन की आवश्यकता होती है –

(अ) पर्याप्त प्रकाश के लिए (ब)स्वच्छ वायु के संरचण के लिए

(स) दोनों के लिए (द) इनमें से कोई नहीं।

खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **(1×5=5)**

1. रात के समय गैस सिलिंडर के नौव को ....रखना चाहिए।
2. ....बनाने में धन की बचत में सहायता होती है।
3. निषेचित अंडे को ....भी कहते है।
4. व्यक्ति के बालों का रंग ....का परिणाम है।
5. ईमानदारी का विपरीत ....है।

खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। **(1×5=5)**

1. स्वस्थ हड्डियों के लिए कैल्शियम की आवश्यकता होती है ....।
2. हमें अनाज को परिष्कत रूप में रखना चाहिए ....।
3. रेशम का सूत आसानी से टूट जाता है ....।
4. समय और ऊर्जा एक दूसरे से घनिष्ठ रूप से संबंधित है ....।
5. उस वस्तु को न खरीदे जिसकी समाप्ति तिथि समीप हो ....।

प्रश्न 2. गह विज्ञान के क्षेत्र के घर से चलाए जाने वाले स्वरोजगार के चार उदाहरण लिखिए।2

प्रश्न 3. सेंकने और भुनने की विधियों में दो अंतर लिखिए? 2

प्रश्न 4. हमें स्वस्थ रहने की आवश्यकता क्यों है? कोई दो कारण लिखिए। 2

प्रश्न 5. बंधेज की दो लोकप्रिय तकनीकों का उल्लेख कीजिए? 2

प्रश्न 6. हम धन को गैर मानवीय संसाधन क्यों मानते है? 2

प्रश्न 7. अभिवद्धि तथा विकास को परिभाषित कीजिए? 2

प्रश्न 8. हरी सब्जियों को पकाते समय पोषक तत्वों की हानि को रोकने के कोई तीन तरीके लिखिए? 3

प्रश्न 9. प्रारंभिक प्रेरणा का अर्थ लिखिए? 3

प्रश्न 10. जीवन के कोई तीन मूल्य का उल्लेख कीजिए? 3

प्रश्न 11. हम अपने बुजुर्गो के प्रति आदर किस प्रकार प्रदर्शित करते है? 3

प्रश्न 12. FPO, IS1हालमार्क मानवीकत चिन्ह किन उत्पादों पर लगते हैं, प्रत्येक का उदाहरण दीजिए? 3

प्रश्न 13. उपभोक्ता शिक्षा की कोई तीन विशेष बाते लिखिए, जिससे जागरूकता उत्पन्न की जा सकें? 3

प्रश्न 14. भोजन करने के कोई चार कारण लिखिए? 3

अथवा

किशोरों के आहार में अतिरिक्त कैल्शियम तथा लौहे तत्व शामिल किये जाने का औचित्य बनाइये?

प्रश्न 15. लक्ष्यों और संसाधनों के बीच क्या संबंध है? उल्लेख कीजिए? 3

अथवा

आप एक पोशाक खरीदना चाहते है, मित्र को जन्म दिन का कार्ड भेजना चाहते है, एक घर बनाना चाहते है। उपरोक्त लक्ष्य प्राप्ति के लिए आप क्या संसाधन जुटायेगें उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न 16. तालिका को पूर्ण कीजिए – 4

भोजन	–	**विघमान पोषक तत्व**
मक्खन	–	....
दूध	–	....
चावल	–	....
गेहूँ	–	....
दाल	–	....

अथवा

विटामिन	कार्य	स्त्रोत	अभाव	विकार
विटामिन A	....	....	....	....
विटामिन C	....	....	....	....

प्रश्न 17. परिवार क्या है? एक परिवार अपने सभी सदस्यों को क्या–क्या उपलब्ध कराता है वर्णन कीजिए। (कोई चार उपलब्धियाँ) 4

अथवा

किशोरों के संबंध में लोगों का भ्रम होता है कि वे अभी बच्चें हैं, या बालक हो गये हैं इस वाक्य को सिद्ध करने के लिए अपने व्यक्तिगत जीवन की किसी एक घटना का उल्लेख लिखिए।

प्रश्न 18. निम्न ततुंओं की कोई 2 सामान्य विशेषताएँ लिखिए। 6

कपास, जूट, फ्लेक्स

अथवा

ऊन, रेशम, रेयान।

प्रश्न 19. सब्जियाँ काटते समय कार्तिक का हाथ कट गया है हाथ कटने में क्या संभावित कारण हो सकते है ऐसे कोई तीन कारण लिखिए। 6

अथवा

रसोई के फर्श से कॉच के टूटे हुए टुकड़ों को उठाने की तीन सुरक्षित विधियों का उल्लेख कीजिए।